08.07.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 02.10PM

प्रादेशिक समाचार

पीएम ब्रासीलिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ वार्ता करेंगे। श्री मोदी और राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा दोनों देशों के बीच साझेदारी को विस्तार देते हुए प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी करेंगे। इस दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संबंधों पर चर्चा होगी।

ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने कहा कि दोनों देशों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

इससे पहले श्री मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रियो डी जेनेरो की "बहुत ही उपयोगी और लाभकारी" यात्रा पूरी करने के बाद कल रात ब्रासीलिया पहुंचे।

ओलंपियाड

प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन rskmp पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

अमरनाथ यात्रा

कश्मीर घाटी में अमरनाथ यात्रा के लिए आज सुबह सात हजार पांच सौ इकतालीस तीर्थयात्रियों का सातंवा जत्था, जम्मू में भगवती नगर यात्री -निवास आधार शिविर से रवाना हुआ। तीन सौ नौ वाहनों में सवार होकर यह जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। जत्थे में 5 हजार 516 पुरुष, 1 हजार 765 महिलाएं, 39 बच्चे, 221 साधु और साध्वियां शामिल थीं। इनमें से तीन हजार 321 तीर्थयात्री आज तड़के बालतल आधार शिविर के लिए और चार हजार 220 तीर्थयात्री पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जहां से ये श्रद्धालु पवित्र गुफा के लिए अपनी यात्रा शुरू करेंगे।

छतरपुर बारिश

छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम में अत्यधिक बारिश होने से एक ढाबे की दीवार गिर गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई और दस घायल हो गए हैं। छतरपुर के सीएमएचओ आर.पी. गुप्ता ने बताया कि घटना में 10 लोग घायल हैं।

मौसम

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश ने कई जिलों में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तेज बारिश से नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। कल 30 से ज्यादा जिलों में बारिश का दौर चला। वहीं, आज नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। सीहोर, हरदा, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, दमोह, जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, कटनी, डिंडौरी, उमरिया में भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। इस बीच आज सुबह से इंदौर- भोपाल में बारिश हो रही है। भारी बारिश के बाद बैतुल जिले के सारणी में सतपुड़ा बांध और टीकमगढ़ जिले के बान सुजारा बांध के सात-सात गेट खोल दिए गए। नरसिंहपुर के ककराघाट में नर्मदा नदी पर बना पुल डूब गया है।

तीरंदाजी

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाडी दीपिका कुमारी और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम आज से स्पेन के मैड्रिड में शुरू होने वाले तीरंदाजी विश्वकप चरण-4 में भारत की अगुआई करेंगी। टूर्नामेंट में 16 सदस्यीय भारतीय दल हिस्सा ले रहा है। यह विश्वकप का अंतिम चरण है, जिसमें खिलाडियों को अक्टूबर में चीन के नानजिंग में होने वाले विश्वकप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम अवसर देगा। इसमें दुनिया भर के 336 तीरंदाज भाग लेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज समत्व भवन में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की महापरिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इदर सिंह परमार और विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी भी उपस्थित रहे।

- शिवपुरी के शासकीय आईटीआई में कल कैंपस साक्षात्कार में 59 आवेदकों का चयन किया गया ।

- खंडवा जिले का गौरव दिवस 2 से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा, "कलेक्टर ऋशव गुप्ता ने कल आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की।

- शिवपुरी जिले में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर्स) का विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से प्रारंभ किया गया ।

- भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच कल मैनचेस्टर में खेला जाएगा। भारत, पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

------------------------------